# नारी शक्ति के प्रणेता थे प्रजापिता ब्रह्मा




भारत माता और वन्देमातरम की स्वरों में एक रहस्य छिपा हुआ है। जिसे हम सभी को ढूढ़ने का प्रयास करना चाहिए। नारायण के पहले लक्ष्मी, राम के पहले सीता तथा कृष्ण के पहले राधा का नाम केवल बुलाने तक ही नहीं है बल्कि राम नारी शक्ति की विद्वता और उनकी महानता के कारण इंगित है। यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमन्ते तत्र देवता कथन स्वयं परमात्मा के निर्देशन में सिद्ध हुआ था। जिसके कारण भारत सोने की चिड़िया और महान बन सका। बिना नारियों के उत्थान के पूरी दुनिया का उत्थान नहीं हो सकता। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रणेता प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने परमात्मा शिव के मार्गदर्शन में पहले ही अवगत हो चुके थे। कि स्वंय सृष्टि का रचयिता परमात्मा शिव माताओं बहनों को आगे रखते नयी दुनिया की नीवं रख रहे हैं। संसार में अपने लिए तो सब जीते है परन्तु महापुरूष की उपाधि उन्हें मिलती है जो मानवता की सेवा में अपने जीवन को समर्पित कर देते हैं। इन्ही महापुरूषों की पक्ति में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा है जिनका नाम सबके आगे उन्होंने संसार बदलने का जो बीड़ा उठाया आज वह वट वृक्ष की भांति फैल कर पूरी दुनिया को रोशन कर रहा है।

हम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की बात कर रहे हैं। एक साधारण तन में जन्म लेकर लाखों लोगों के जीवन में मनुष्यता के गुणों को तप, ध्यान और साधना से शुद्ध कर देवताई मार्ग के राही बनने की प्रेरणा दी। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का जन्म सन् 1876 में सिन्ध प्रांत (अभी पाकिस्तान में है) के एक कुलीन और साधारण परिवार में हुआ। बचपन में ही इनके माता का देहान्त हो गया। इनके बचपन का नाम लेखराज था। बचपन से ही बड़े ओजस्वी, तेजस्वी और दयालु प्रकृति के थे। किसी भी मनुष्यात्मा का संकटइनसे सहन नहीं होता था हर स्थिति में उस व्यक्ति की मदद करना इनके व्यक्त्त्वि में शुमार था। जब ईश्वरीय की अराधना करने बैठते तो सर्व प्रथम पूरे विश्व की मनुष्यात्माओं के दुःख दर्द मिटाने के लिए करते थे। लेखराज बचपन से इतने सौम्य और असाधारण थे कि इन्हें लोग प्यार से दादा कहते थे। दादा ने बड़े होकर हीरे जवाहरातों के व्यापार में लग गये। देखते ही देखते इनके व्यापार की ख्याति भारत सहित आस-पास के कई देशों में फैल गयी। इनका व्यक्त्त्वि इतना प्रभावशाली था कि जो कोई भी एक बार मिलता तो उन्हीं का हो जाता। कई राजायें तथा महाराजायें यहाँ तक कहते कि लेखराज जी राजा

तो आप को होना चाहिए। परन्तु दादा सदैव मानवीय सेवाओं की बात करते। कई बार दादा को मनुष्यात्माओं की पीड़ा परेशान करती और वे मन ही मन सोचते कि कैसे इस संसार का उद्धार होगा, जिसमें लोग सुखी और सम्पन्न हों।

साठ साल की उम्र में दादा लेखराज के जीवन में एक महान परिवर्तन आया। एक दिन वे वाराणसी में अपने मित्र के यहाँ थे कि रात्रि में उन्हें इस पुरानी दुनियां के महाविनाश की भयंकर लीला तथा नयी दुनियां की स्थापना के साथ-साथ विष्णु चतुर्भुज का साक्षात्कार हुआ। यह खेल कुछ समय तक चलता रहा और उन्हें एक आवाज आयी कि इस दुनियां का महाविनाश होने वाला है और तुम्हे नयी दुनियां की स्थापना का महान कार्य करना है। यह बात दादा को समझ में नहीं आयी। दादा ने अपने जीवन में बारह गुरू किये थे। उन्होंने सोचा कि शायद यह खेल हमारे गुरूओं की ही देन है। जब उन्होंने इसके बारे में पूछा तो किसी के भी पास इसका उत्तर नहीं था। दादा समझ गये कि यह किसी अलौकिक शक्ति का ही कमाल है। इन प्रश्नों का हल शिघ्र ही उनके घर आने पर मिल गया और स्वयं ईश्वरीय शक्ति ने अपना परिचय परमात्मा शिव के रूप में दिया और कहा कि तुम्हें इस दुनियां के परिवर्तन का महान कार्य करना है। उस दिन से दादा को हीरे जवाहरातों का व्यापार कौड़ियों तुल्य लगने लगा। वे सदा मनुष्य के अंदर छिपे सच्चे हीरे के पारखी बनने की बात सोचने लगे। इसके पश्चात उन्होंने अपनी सम्पत्ति बेचकर एक ट्रस्ट की स्थापना की तथा भारत माता तथा वन्देमातरम् की गाथा को सत्यार्थ करते हुए दादा ने परमात्मा के आदेशानुसार माताओं बहनों को आगे रख इस कारवां का शुभारम्भ किया। परमात्मा का निर्देशन लगातार उन्हें मिलता रहा है और स्वयं परमात्मा ने उनका नाम प्रजापिता ब्रह्मा रखा और नयी सृष्टि की स्थापना महान कार्य सौंपा।

इस तरह इस संस्था की स्थापना सन् 1937 में हैदराबाद सिन्ध में हुई। प्रारम्भिक काल में इस संस्था का नाम ओम-मण्डली रखा गया। इस महान कार्य के लिए ब्रह्मा बाबा को कई आसुरी शक्तियों का विरोध झेलना पड़ा। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने बिना विचलित हुए आसुरी शक्तियों का जबाब दैवी गुणों से दिया। मातृ शक्ति का झंडा बुलन्द किये स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन की मुहिम में आगे बढ़ते रहे। अन्त में विजय सत्य और दैवी गुणों की हुई। भारत पाकिस्तान विभाजन के बाद यह सन् 1950 में यह संस्था एकमात्र पर्यटन स्थल माउण्ट आबू, राजस्थान में आयी और यहीं से मानवता के दीप से दीप जलाने का कार्य प्रारम्भ हुआ। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने सभी मनुष्यात्माओं में छिपे अदृष्य दुश्मनों काम, क्रोध, लोभ आदि पांच विकारों को सच्चे दुश्मन के रूप में परिभाषित करते इनसे मुक्ति की राह बतायी। सभी धर्म, मठ, पंत के लोगों का सम्मान करते हुए प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने कब्रदाखिल मनुष्यात्माओं को परमात्मा का संदेश दिया तथा इस महान क्रान्ति में शरीक होने का सम्बल प्रदान किया। बाबा ने माताओं-बहनों को उस समय ऊंचा सम्मान दिया जब समाज में महिलाओं के अधिकारों की चर्चा तक नहीं होती थी। माताओं बहनों के अधिकारों की रक्षा करते तथा उन्हें शक्तिशाली बनाने के लिए स्व पुरूषार्थ के लिए प्रेरित करते रहे।



प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लोगों को आध्यात्मिक कारवां का मर्म समझाया और साईलेन्स की शक्ति से आत्मा के अन्दर छिपे शक्ति पुंज तथा देवी गुणों को जागृत करने के लिए प्रेरित किया। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने गहन परमात्मा की याद और त्याग तपस्या द्वारा दैवीगुण धारी बन गये तथा 18 जनवरी 1969 को अपने नश्वर शरीर का त्याग कर वेहद सेवा हेतु फरिश्ता बन सूक्ष्मवतनवासी हो गये। बाबा आज भले ही हमारे बीच नहीं है परन्तु उनकी सूक्ष्म और शक्तिशाली दृष्टि से लाखों लोगों के जीवन में आध्यात्मिक प्रकाश सतत् प्रकाशमान हो रहा है।

बाबा ने नारी को विश्व परिवर्तन का जो कारवां प्रारम्भ किया था आज वह एक महान सेना के रूप में तब्दील हो चुका है। चालीस हज़ार से भी अधिक युवा बहनें अपना जीवन इस पुनीत कार्य में अर्पण कर दी है। इसके साथ ही विश्व के लगभग दो तिहाई देशों में लाखों लोगों के जीवन में ऊर्जा और शक्ति का संचार किया है। संस्था से जुड़े लाखों लोगों ने अपने जीवन में मूल्यों का ऐसा बीज बोया है जो आने वाली नयी दुनिया का संकेत है। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 50 वीं पुण्य तिथि पर माउण्ट आबू सहित पूरे विश्व में शांति और सदभावना के लिए प्रार्थना सभायें आयोजित की जायेगी। ऐसे महान पर्व पर ऐसी महान विभूति को शत् शत् नमन।

ओम् शान्ति